राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवको ने राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई स्वामी विवेकानंद जी की जयंती

भास्कर दूत

बालोद। शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा12 जनवरी स्वामी विवेकानंद जी की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। सर्व प्रथम युवाओं के आदर्श एवं प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर पूजा-अर्चना माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर उनके योगदान और कार्यो को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक श्री जी.पी पाठक ने स्वामी विवेकानंद जी के व्यक्तित्व व कृतित्व, जीवन चरित्र और सिद्धांतों विचार को स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जी के आदर्शों और सिद्धांतों पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करें। और उनके बताए आदर्शों वाक्यों अपने जीवन में आत्मसात करें। वहीं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार प्रजापति ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतीक पुरुष के रूप में माना गया। स्वामी विवेकानंद जी ने युवाओं को संघर्ष करने और अपने जीवन में युवाओं को लक्ष्य प्राप्त करने के लिए अपने ध्येय वाक्य उठो जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जैसे प्रेरणादायक वाक्यों से सम्बोधित किया।

प्र. प्राचार्य
शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा
जिला - बालोद (छ.ग.)

प्र. प्राचार्य
शहीद दुर्वासा निषाद शासकीय महाविद्यालय अर्जुन्दा

Scanned with OKEN Scanner